हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 15 सितंबर 2025



# निकलेगी बाइक रैली, वोट चोर गद्दी छोड़ सभा में शामिल होंगे सचिन पायलट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत देशभर में कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के तहत अब राजनांदगांव जिले में भी दो दिवसीय आयोजन की तैयारी कर ली गई है। 17 और 18 सितंबर को होने वाले इस आयोजन में बाईक रैली निकाली जाएगी, वहीं दूसरे दिन सभा का आयोजन जय स्तंभ चौक में किया जाएगा। सभा में शामिल होने के लिए प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट शहर के दौरे पर रहेंगे। इस आयोजन को लेकर कांग्रेस ने बैठक कर तैयारियों की शुरुआत भी कर दी है।

उल्लेखनीय है कि चुनाव के दौरान वोट चोरी का आरोप कांग्रेस द्वारा भाजपा पर लगाया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इस आरोप के लगाए जाने के बाद से ही इस मामले को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस देश के सभी हिस्सों में कार्यक्रम आयोजित कर रही है। प्रदेश में भी इसकी शुरुआत पिछले दिनों बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम से की गई है। इसी के तहत अब दूसरे चरण में प्रदेश के दर्जनभर जिलो में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। राजनांदगांव जिले में इस कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को कांग्रेस भवन से मशाल रैली निकाली जाएगी। वहीं 18 सितंबर को - में एक सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस सभा में दस हजार से अधिक कांग्रेसियो के शामिल होने की संभावना बताई जा रही है।

## जय स्तंभ चौक में आयोजित सभा में केंद्र सरकार को घेरेंगे कांग्रेसी दिग्गज नेता

### कार्यकर्ताओं से मिलेंगे

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के संभावित दौरा कार्यक्रम के अनुसार वे जिले में आयोजित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही 17 सितंबर की रात शहर पहुंच जाएंगे। वे बेमेतरा के कार्यक्रम बाद शाम 8 बजे तक राजनांदगांव पहुंचकर यहीं रेस्ट हाउस में विश्राम करेंगे। इस दौरान वे जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी की जमीनी हकीकत के बारे में चर्चा भी कर सकते है।




### कार्यक्रम से पहले बैठक

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के कार्यक्रम को देखते हुए कांग्रेस ने अपनी तैयारियां भी शुरु कर दी है। आगामी 18 सितंबर को सचिन पायलट राजनांदगांव दौरे पर रहने वाले है, इस दौरान वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में शामिल होंगे। ऐसे में तैयारियों को लेकर रविवार के दिन शहर के नंदई स्थित सतनाम भवन में एक बैठक रखी गई थी। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू शामिल हुए। इस दौरान शहर कांग्रेस और जिला कांग्रेस के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहें।

### दिग्गज भी होंगे शामिल

मिली जानकारी के अनुसार शहर में आयोजित होने वाले वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में प्रदेश के सभी शीर्ष नेताओं की उपस्थिति रहेगी। बताया गया कि एआईसीसी के निर्देश पर चल रहे इस आंदोलन के दौरान कांग्रेस के सभी दिग्गज नेताओं को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए है। शहर के जय स्तंभ चौक में आयोजित होने वाली सभा में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ तीनों सह प्रभारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अविभाजित जिले के सभी मौजूदा विधायक सहित नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

---

अब मोबाइल एप से करेंगे सर्वे के बाद भौतिक सत्यापन

# डिजिटल क्रॉप सर्वे: 1000 खसरे में धान की एंट्री, मौके पर अन्य फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में होने वाली समर्थन मूल्य पर सरकारी धान खरीदी से पहले जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम शुरू हो गया है। राजस्व महकमे की टीम हर खसरे में जाकर यह पता कर रही है कि किसान द्वारा खेतों में कौन सी फसल लगाई गई है, उसके बाद उसकी एंट्री भी की जा रही है। इसके साथ ही डिजीटल क्रॉप सर्वे पूरा होने के बाद उसकी सत्यापन की जाएगी। पिछले साल हुई लापरवाही के चलते इस बार शासन सत्यापन को लेकर सख्त हो गया है।

ज्ञात हो कि पिछले साल भी ऐसे ही डिजिटल क्रॉप सर्वे किया गया था, परंतु जमीनी स्तर पर लापरवाही का नतीजा रहा कि एक हजार से अधिक खसरे में एंट्री ही गलत पाई गई, जिन खसरों में धान फसल की एंट्री की गई थी, वहां पर मकान और दूसरी फसल मिली। ऐसे में इस बार डिजिटल क्रॉप सर्वे को लेकर शासन स्तर से मॉनिटरिंग के लिए एक ऐप तैयार किया गया है। डिजिटल क्रॉप सर्वे पूरा होने के बाद इन खसरों का भौतिक सत्यापन कर ऐप में एंट्री की जाएगी। वहीं जिन खसरों में गलत एंट्री होगी, उसमें सुधार किया जाएगा।

इस बार के लिए भी डिजिटल क्रॉप को लेकर निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आदेश के अनुसार आगामी 15 सितंबर तक डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूरा करने कहा गया है। वहीं यदि इस दौरान किसी खसरे में गलत एंट्री हो गई है तो उसका 31 सितंबर से पहले सुधार किया जा सकेगा। ज्ञात हो कि 31 सितंबर के बाद दर्ज एंट्री में संशोधन का कार्य केवल पीवी ऐप के माध्यम से ही किया जा सकेगा।

### एग्रीस्टेक पोर्टल: 5600 किसान अब भी शेष



ज्ञात हो कि इस बार धान खरीदी से पहले एग्रीस्टैक पोर्टल में किसान का पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। पंजीयन नहीं होने की स्थिति में किसान सरकार को अपना धान नहीं बेच पाएगा। पिछले दो महीने से जारी पंजीयन के कार्य में अब तक पिछले साल धान बेचने वाले 125611 किसानों में 120000 का पंजीयन हो गया है। अब भी लगभग 5600 किसान पंजीयन के लिए शेष हैं। ऐसे में इन किसानों से भी जल्द से जल्द पंजीयन की अपील प्रशासन द्वारा की जा रही है।

### पड़त भूमि का सर्वे

डिजिटल क्रॉप सर्वे में पिछले साल की गई लापरवाही के चलते इस बार सरकार सख्त हो गई है। पड़त भूमि के साथ ही ऐसी भूमि जिस पर धान के बदले अन्य फसल ली गई है, उसका शत-प्रतिशत फील्ड अफसरों से जांच कराकर उसकी पीवी एप एवं भुइयां सॉफ्टवेयर में दर्ज एंट्री को त्रुटिरहित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### तीन चरण में होता है सत्यापन कार्य

डिजिटल क्रॉप सर्वे पूरा होने के बाद उसका तीन चरण में भौतिक सत्यापन किया जाता है। प्रथम चरण यानी ब्लॉक स्तर पर पीवी ऐप के माध्यम से 5 प्रतिशत खसरों की जांच होनी थी। जिसमें जिले के कुल 17000 खसरों की जांच की गई। इस जांच में 16000 खसरा में धान ही मिला। जबकि एक हजार खसरे में धान फसल की गलत एंट्री की गई थी। वहीं द्वितीय चरण के तहत जिला स्तर दो फीसदी यानी 800 खसरों की जांच हुई थी। जांच हेतु 800 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

# बस में ले जा रहे थे गांजा, पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्कर को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में नशीले पदार्थ के खिलाफ शुरू किए गए अभियान के तहत अब पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। इसी के तहत सोमनी पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। दुर्ग से पुणे जाने वाली सवारी बस में अवैध रूप से दो आरोपी गांजा लेकर जा रहे थे। जिसकी सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ने की कार्रवाई की है। आरोपियों से 16 किलो गांजा बरामद किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नवागांव घटना के बाद से ही पुलिस ने नशीले पदार्थ के खिलाफ अब सख्ती से एक्शन लेना शुरु कर दिया है। आला अफसरों के निर्देश अनुसार अब सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के साथ ही ऐसे मामलों में कार्रवाई करने में जुटे हुए है। इसी के तहत रविवार को सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 13 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिला कि दुर्ग से पुर्ण महाराष्ट्र जाने वाले सवारी बस में बैठे दो व्यक्ति अलग-अलग बैग मे उड़सिा से गांजा रखकर पुणे महाराष्ट्र जाने वाली बस में बैठे है। सूचना मिलने के बाद थाने से एक टीम बनाकर कार्रवाई के लिए तैनात किया गया।

### दो आरोपियों के खिलाफ की गई कार्यवाही




पुलिस ने आरोपी वसंत श्याम राव ओंकारे उम्र 33 साल निवासी येवलेवाडी अंतुल नगर कोन्दवा (तालुका हवेली) जिला पुणे महाराष्ट्र, राहुल अशोक दोईफोडे पिता अशोक दोईफोडे उम्र 37 साल निवासी ग्राम निरा पिंपरे खुर्द तालुका पुरंदर थाना निरा, हाल-येवलेवाड़ी अंतुल नगर थाना कोन्दवा (तालुका हवेली) जिला पुणे महाराष्ट्र को को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड में लिया गया है।

### बस रोक कर की जांच पड़ताल

*सूत्रों की सुचना पर पुलिस ने थाना सेमनी के सामने नाकाबंदी प्वाईंट लगाकर मुखबीर के बताये बस को रोककर बस के अंदर मुखबीर के बताये हुलिये के बैठे व्यक्तियो से पूछताछ की जिस परअपना वसंत श्याम राव एवं राहुल अशोक दोईफोड़े बताये। संदेहियो वसंत श्याम राव के बैग की तलाशी पर पीवीसी टेप मे लिपटा 2 बंडल गांजा मादक पदार्थ एवं संदेही राहुल अशोक दोईफोड़े के बैग मे पीवीसी टेप मे लिपटा हुआ 3 बंडल गांजा मादक पदार्थ कुल 16 किग्रा कीमती 1,60,000 रूपये मिला।*



## खबर संक्षेप



### मांझीटोला स्कूल में नेवता भोज

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला मांझीटोला में गत दिनों स्व गैंदलाल घावड़े की स्मृति में उनक पुत्र पवन घावड़े एवं परिजनों ने नेवता भोज का आयोजन किया। नेवता भोज में प्रधानपाठक परमेश्वर साहू, शिक्षक अजय उसारे, एसएमसी अध्यक्ष मिलन परतेती, ग्राम पटेल मनसुख सिन्हा, गोंडवाना समाज क क्षेत्रीय अध्यक्ष संतराम नेताम शामिल हुए। इस मौके पर बच्चों को चावल, दाल, सब्जी, सलाद, बड़ा, पुरी, पापड़ आदि खिलाया गया।

### भाजपा का सेवा पखवाड़ा 17 से



**डोंगरगढ़।** सेवा पखवाड़ा को लेकर ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ के ग्राम ढारा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने का आह्वान किया गया है। पखवाड़ा के तहत विभिन्न सेवा कार्यों आयोजित किया जाना है। इस संबंध में डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल ने 12 सितंबर को कार्यशाला का आयोजन किया था जिसमें पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, जिला सह संयोजक जैन कुमार मेश्राम शामिल हुए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, उपाध्यक्ष हीरा वर्मा, उपकार साहू, छबिल साहू, लखन जंघेल, जीवन वर्मा, तेजलाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, रवि यादव, धरमचंद वर्मा, मनीष सोनी, जितेंद्र, हेमलाल, आरती जंघेल, नामदेव साहू, झुलेन्द्र वर्मा, राघवेंद्र वर्मा, कन्हैया वर्मा, सतीश वर्मा, लखन देशलहरा, पुसउ रजक सहित अन्य शामिल हुए।

### बिजली कटौती से बढ़ी लोगों की परेशानी

**डोंगरगढ़।** अघोषित बिजली कटौती इन दिनों एक बड़ी और गंभीर समस्या बन गई है। बिजली कटौती की मार झेल रहे उपभोक्ताओं अब भारी भरकम राशि का बिल थमा दिया गया है जिसे लेकर भी जनता में जमकर नराजगी देखने मिल रही है। जनता की शिकायत को दूर करने के बजाए विद्युत मंडल के अधिकारी अवैध कनेक्शन को बढावा देने में लगे है। वहीं स्थाई कनेक्शन देने की आड़ में अवैध वसूली की जा रही है। ढारा के जेई अमन बंसाड़े ने बताया कि कर्मचारियो द्वारा अवैध वसूली करने की जानकारी मिली है।

### मेरा युवा भारत कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और मेरा युवा भारत अभियान राजनांदगांव भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें कल्याणकारी योजना से परिचित कराना था। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने आयोजन के लिए मेरा युवा भारत राजनांदगांव का आभार करते महत्वपूर्ण कार्यशाला हेतु स्वागत किया और इस प्रकार के आयोजन के लिए उन्हें आगे भी आमंत्रित किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में जिला परियोजना समन्वयक ऐश्वर्या साहू ने आयुष्मान भारत के अंतर्गत जनआरोग्य योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान किया और गरीब वंचित व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवा से जोड़ने की पहल को बताया। रूपेश देवांगन ने कौशल योजना के अंतर्गत युवाओं के लिए अनेक कोर्स और कौशल प्रशिक्षण से प्राप्त रोजगार के संबंध में चर्चा की। डॉ. छोटेलाल साहू एवं तेजस्वी वर्मा ने स्वच्छ भारत ग्रामीण मिशन, जल जीवन मिशन पर चर्चा की गई।

नाराज ग्रामीण मवेशियों को थाना लाकर बांध रहे

# किसानों और पुलिस के लिए भी मुसीबत बन रहे घुमन्तू मवेशी

## लापरवाह पशुपालकों पर कार्रवाई की उठ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शहर सहित क्षेत्र में घुमन्तु मवेशी दिन ब दिन गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। इन मवेशियों से किसान और वाहन चालक परेशान हो रहे हैं साथ ही अब पुलिस प्रशासन को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। घुमन्तु मवेशियो को लेकर अब लोग थाना में लाकर बांधने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार छुरिया ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम चांदो के किसान करीब 30 मवेशियों को लेकर थाना पहुंचे थे। उन्होंने मवेशियों को थाना में लाकर बांध दिया था। इससे पहले अछोली और साल्हे के ग्रामीण मवेशियों के साथ थाना आ चुके हैं। किसानों ने बताया कि पशुपालक अपने पशुओं को बांधने के बजाए खुला छोड़ देते हैं जिससे खेतों में लगी फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### वाहन चालकों की परेशानी

उल्लेखनीय है कि पशुओं को खुला छोड़ने की प्रवृत्ति के चलते स्टेट हाइवे पर जहां तहां मवेशियों का जमघट देखा जा सकता है। राजनांदगांव मार्ग पर जंगलपुर, रामपुर, घोरदा, अर्जुनी सहित अन्य गांव में मवेशियों का सर्वाधिक जमावड़ा रहता है। मवेशियों के सड़क पर बैठे रहने से आवाजाही बाधित होती है वहीं जरा सी चुक होने पर दुर्घटना भी होते रहती है।



### कांजी हाऊस हुए गायब

जानकारी के अनुसार शहर सहित आसपास के गांव में घुमन्तु मवेशियों पर नियंत्रण के लिए कांजी हाऊस बनाए गए थे। शहर में पुराने थाना के पास कांजी हाऊस था जो बंद हो गया साथ ही उसकी जमीन भी गायब हो गई है। इसी प्रकार गांव में संचालित कांजी हाऊस भी धीरे धीरे बंद हो गए है। पूर्ववर्ती सरकार ने गौठान बनवाया था जो सरकार बदलने के साथ बंद पड़े हैं।

### शहर में जमघट

घुमन्तु मवेशियों से शहर के लोग भी काफी परेशान हो रहे है। शहर में इन दिनों जहां तहां मवेशियों का जमघट देखा जा रहा है। शहर के पुराने बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर मवेशियों को सड़क पर बैठे देखा जा रहा है। बताया जाता है कि शहर से लगे गांव के पशु पालक इन दिनों अपने मवेशियों को शहर में लाकर छोड़ देते है जिससे यह संकट खड़ा हो रहा है। शहर में घुमने वाले मवेशी सब्जी बाजार में दुकानदारों को परेशान करते हैं साथ ही मोटर साइकिल की डिक्की में रखे सामान को चट कर जाते हैं।

# हास्पिटल की खराब व्यवस्था से ग्रामीण हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वीकृत पदों के खाली रहने और आवश्यक संसाधनों की कमी से लोगों को चिकित्सा सेवा का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। हास्पिटल की व्यवस्था पर नगर विकास समिति ने नाराजगी जताते हुए गत दिनों बीएमओ नंदकिशोर टंडन को ज्ञापन सौंपा। समिति के मिडिया प्रभारी पीतांबर निषाद ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति दयनीय है। यहाँ आने वाले मरीजों का समय पर इलाज नहीं होता है। बीते शनिवार को वार्ड 2 के ठाकुरराम यादव दुर्घटना के शिकार हो गए थे। इलाज के लिए परिजन उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे जहां एक नर्स के अलावा कोई भी नहीं था। करीब पौन घंटे तक ड्यूटी डाक्टर का इंतजार करना पड़ा तब जाकर मरीज का इलाज हुआ।

### जानकारी सार्वजनिक करने की मांग

विकास समिति ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सकों, कर्मचारियों की समय सारणी, मोबाईल नंबर आदि जानकारी सूचना बोर्ड में चस्पा करने की मांग की है। समिति ने जरूरतमंद मरीज को एंबुलेंस की सुविधा प्रदान करने, विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की आवश्यकता जताई है। बीएमओ डॉ नंदकिशोर टंडन ने बताया कि यहां 24 घंटे चिकित्सा सेवा उपलब्ध है। चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने के लिए स्वीकृत रिक्त पदों की भरपाई आवश्यक है। आवश्यक संसाधनों के लिए आगामी जीवन दीप समिति की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा।

# पालिका अध्यक्ष ने शहर में सुविधा के विकास पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्र की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर को पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने दर्शनार्थियों की सुविधा, आवागमन की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नवरात्र के दौरान लाखों दर्शनार्थी मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने पहुंचते है। महाराष्ट्र एवं खैरागढ़ की ओर से आने वाले दर्शनार्थी रेलवे अंडरब्रिज से होकर माता के दर्शन के लिए पहुंचते है। रेलवे द्वारा बनाए गए अंडरब्रिज में ऊपर से पानी गिरता है। बारिश होने पर इस अंडरब्रिज में पानी भरने से लोगों को आवागमन करने में मुश्किल होती है। अधिक बारिश पानी भरने पर अंडरब्रिज बंद करने की नौबत आ जाती है। कालकापारा से रेलवे चौक जाने वाले मार्ग के अंडरब्रिज को रेलवे द्वारा बंद कर दिया जाता है जबकि नगर से होते हुए पैदल दर्शनार्थी भी इस मार्ग से माता के दरबार में पहुंचते है।



### दुकानों का लिया जायजा

ऊपर मंदिर जाने वाले मार्ग पर नगर पालिका द्वारा बनाई गई दुकानें खाली है। नवरात्र में दुकान लगाने के लिए निरीक्षण किया गया है। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने दर्शनार्थियों एवं नगरवासियों की सुविधा का ध्यान रखते हुवे कलेक्टर के समक्ष बातों को प्रमुखता से रखा।

## ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नल जल योजना के तहत बाकलेडी के ग्रामीणों को लगभग 4 साल पहले नल कनेक्शन दिया गया था किन्तु अब तक ग्रामीणों को पानी नहीं मिला है। ग्राम में नल जल योजना के तहत करोडों रूपये खर्च कर पानी टंकी बनाया गया है। हितग्राहियों को नल कनेक्शन भी दिया गया है किन्तु लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। इस मामले को लेकर गामीण जनप्रतिनिधियों से शिकायत भी कर चुके है किन्तु ठेकेदार पर अब तक कार्रवाई तक नहीं हो सकी है। सरपंच दिलीप महोबिया ने बताया कि ठेकेदार ने निर्माण करने के बाद पानी टंकी के लिए नया बोर किया था जो फेल हो गया। ठेकेदार ने पहले के बोर से हो रही व्यवस्था को भी बंद कर दिया। उन्होंने व्यवस्था में सुधार कर योजना को जल्द चालू कराने की मांग की है। इस मामले में पीएचई के एसडीओ गिरेन्द्र साहू ने बताया कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण योजना का लाभ ग्रामवासियों को नहीं मिल रहा है।

# शराब कोचियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान, कई शराब विक्रेता गिरफ्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ पुलिस की कार्रवाई से शराब कोचियों में हड़कंप

पुलिस ने थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री पर लगाम लगाने शराब कोचियों, तस्करों के खिलाफ धरपकड़ अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 12 एवं 13 सितंबर को कई शराब बेचने वालों को पकड़ा है। पुलिस ने मिली जाकनारी के अनुसार 12 सितंबर को इंदिरानगर की सकुन खोब्रागढ़े पति संतोष खोब्रागढ़े को शराब बेचने की शिकायत मिलने पर 33 पौवा शोले देशी मदिरा, 17 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया। इसी क्रम में मुसराकला नहर के पास अजीम शेख पिता अब्दुल शेख निवासी कश्मीरी पारा को 17 पौवा शोले देशी मदिरा शराब, बिक्री की रकम 240 रूपए, अछोली सरकारी अस्पताल के सामने रोड में भुपेन्द्र राजपुत पिता केदारसिंग राजपुत एवं कुबेर राजपुत पिता भुपेन्द्र राजपुत को 29 पौवा शोले देशी मदिरा, एक सफेद एक्टिवा, 13 सितंबर को रमेश पासी पिता स्व पुरन पासी निवासी बुधवारी पारा को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पकड़ा गया। इसी प्रकार कुदंन साहू पिता सुदूराम साहू निवासी लाल बहादुर नगर को कल्याणपुर पुल के पास शराब पिलाते पकड़ा गया। ग्राम रेंगाकठेरा के मनोज वर्मा पिता कार्तिक वर्मा को प्रज्ञागिरी मंदिर के पास मोटर सायकल क्र सीजी 07 एलडी 3086 में शराब रखकर बेचते पकड़ा गया। आरोपी के पास से 18 पौवा जम्मु स्पेशल व्हिस्की एवं मोटर सायकल जप्त किया गया। सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।



# शराब सहित अन्य अवैध कारोबार पर नियंत्रण नहीं

■ प्रशासनिक विफलता से बढ़ रही नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत बोरतलाव और आसपास क्षेत्र में जुआ, सट्टा, शराब और मवेशियों की तस्करी तेजी से हो रही है।

इस अवैध व्यपार से जुड़े कोचियों और दलालों को पुलिस, आबकारी विभाग सहित जनप्रतिनिधियों का संरक्षण हासिल है जिसके चलते उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसाार आम ग्रामीणों को जांच के नाम पर परेशान करने के साथ उगाही भी किया जा रहा है जिसे लेकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी बढ़ रही है।

जंगलो से अवैध उत्खनन, लकड़ी चोरी और शराब दुकान से कोचियों को थोक में शराब देने के मामले में पुलिस दिखावे की कार्यवाही कर अपना पल्ला झाड रही है। हैरानी वाली बात यह है कि आबकारी विभाग की जांच चौकी होने के बाद भी बड़ी मात्रा में दूसरे राज्य की शराब क्षेत्र में आ रही है। जानकारी के अनुसार यह पूरा कारोबार भाजपा की दिग्गज महिला नेत्री और कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों की सांठगांठ के साथ अधिकारियों के संरक्षण में चल रहा है।

# कलेक्टर, एसपी पहुंचे समाधि स्थल



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे, एसपी मोहित गर्ग और एसडीएम ने चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र पहुंचकर आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज के समाधि स्थली के दर्शन किए। उन्होंने पूज्य 105 आदर्शमति माता के भी दर्शन किया।

तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष सिंघई किशोर जैन, सुभाषचंद जैन, निशांत जैन, जयकुमार जैन ने अतिथियों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। प्रतिभास्थली की ब्रह्मचारिणी दीदियों ने स्मृति स्वरुप पुस्तक भेंट किया। इस मौके पर माता जी ने कहा आप परिस्थिति तो नही बदल सकते पर जिस पद पर हो उस परिस्थितियों को अपने दृष्टिकोण से बदल कर सामना करेंगे तो और ऊँचाई को प्राप्त करेंगे। उन्होंने सात्विक आहार करने का संदेश दिया।

इस दौरान कलेक्टर, एसपी और एसडीएम ने प्रतिभास्थली की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सही दिशा में मेहनत करते है तो लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

# हिन्दी देश की भाषा, करें अधिक से अधिक उपयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में 13 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को बताया कि हिन्दी देश में सर्वाधिक बोली जाने वाली लोकप्रिय भाषा है।

इस भाषा का महत्व विदेशों में तीसरे क्रम पर हैं जो गौरव की बात है है। इसी कडी में गीतांजलि साहू, काजल कोठारी, पूजा सोनकर, दुर्गेशवर निषाद, डोमेन साहू आदि ने हिन्दी के महत्व और उपयोगिता पर अपने विचार प्रकट किये। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष चादनी पराते ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा हिन्दी दिलों की भाषा है। हिन्दी सबसे न्यारी और प्यारी भाषा है जिसका सम्मान करते हुए अधिक से अधिक उपयोग में लाना चाहिए। भौतिक विभागाध्यक्ष चन्द्रकांत कुंभकार ने हिन्दी को विश्व स्तर में पहुँचाने तथा एक दुसरे में सहज अभिव्यक्ति होने के कारण हम हिन्दी भाषा का प्रयोग अधिक से अधिक करने का आव्हान किया।

उन्होंने साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के हिन्दी साहित्य के उल्लेखनीय कार्य और उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता मोनिश खान, हरवंश चौरगे, डा संजूसिंह, कंचन साहू, हिमानी साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे। संचालन ओमप्रकाश सहारे एवं आभार प्रदर्शन वाणिज्य शिक्षिका शुभि जैन ने किया।

# समस्याओं को लेकर जिपं सदस्य ने कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे से जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव के नेतृत्व में क्षेत्र के लगभग 70 किसानों ने सौजन्य मुलाकात किया।



महेंद्र यादव ने कलेक्टर को पत्र सौंपते बताया कि ग्राम सिवनीखुर्द, ग्राम पंचायत बोदेला आंगनबाड़ी नवीन भवन एवं जर्जर प्राथमिक शाला भवन डिस्मेंटल कर नवीन निर्माण हेतु एवं ग्राम पंचायत सेम्मरा में विद्युत विभाग द्वारा टावर लाइन से लगभग 62 किसानों का जमीन प्रभावित हो रहा है। कलेक्टर को ज्ञापन सौपने के दौरान जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, सीमा साहू सरपंच, इंद्रसेन साहू सरपंच प्रतिनिधि, कामिनी यादव उप सरपंच, पंचगण उमेश साहू, खेमलाल यादव, गिरजा वर्मा, दुर्गा साहू, धनीराम विश्वकर्मा, परमेश्वरी साहू, भागवत साहू, ग्रामीण रामप्रताप वर्मा, लालचंद वर्मा, बिरेंद्र, संतोष, रोहित वर्मा, एन. कुमार, बिझवार, कुलदीप, गनीत, अजीत, सुनील, बीरबल, श्याम सिंग, विष्णुराम, भागचंद, टोमेश, मुकेश, भैयालाल, सुनील, अमित, संतराम, पप्पू, भावेंद्र,नीलकंठ, रामभरोसा, टहलराम, सेवकराम, चेतन वर्मा, कमलेश वर्मा, गरीबा वर्मा, चंद्रशेखर, गोकुल वर्मा, मोतीलाल वर्मा, रामरतन, गुलशन, डलेश्वर, गोविंदा वर्मा, अनिल वर्मा, गैंदसिंह वर्मा, मागीलाल, खेमू यादव एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### कई समस्याओं को उठाया

श्री यादव ने बताया कि ठेलकाडीह से महाराजपुर जाने वाले टावर बिजली लाइन सेम्मरा के तरफ से टावर लाइन का सर्वे हो चुका है। अगर उक्त जमीन से टावर लाइन गुजरता है तो ट्रैक्टर करंट की चपेट में भी आ सकता है। जैसे बारिश के मौसम में मवेशी व खेत-खलिहान में कार्य करने वाले मजदूर किसान टावर बिजली लाइन के करंट में प्रभाव में आ सकता है। पूर्व में भी ट्यूबवेल में बार-बार परेशानी का सामना करना पड़ता और बार-बार मोटर भी जल जाता है। पूर्व में भी सेम्मरा की कृषि भूमि के चारों तरफ से टावर बिजली लाइन जा चुका है, जो जाल की तरह बुन चुका है।



### डाक्टरों का महिलाओं ने किया सम्मान

**डोंगरगांव।** राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सेवा देने वाले चिकित्सकों का जैन समाज की महिलाओं ने सराहना करते हुए उनका सम्मान किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य के लिए शिवांगी सम्मानित

**सड़क अतरिया।** प्राथमिक शाला पंड़रिया में पदस्थ प्रधान पाठक शिवांगी पसीने को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चयनित कर दुर्ग के बीआईटी कॉलेज में शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव एवं सांसद विजय बघेल ने सम्मानित किया। शिवांगी पसीने शिक्षा के क्षेत्र में 18 वर्षों से कार्य कर रही है। नवाचारी कार्यों के कारण जिले में नवाचारी शिक्षिका के रूप में वह जानी जाती है। कबाड़ से जुगाड़, पोषणयुक्त बागवानी, खेल- खेल में शिक्षा, अंगना म शिक्षा के माध्यम से महिला शिक्षा को प्रोत्साहन देते आ रही हैं। बालिका शिक्षा के लिए नवीन कार्य,सांस्कृतिक कार्यक्रम का सुचारू रूप से क्रियान्वयन कार्य, सामाजिक सहयोगी , उल्लास के कार्यों में विशेष योगदान, शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए गांव में प्रचार प्रसार करते हुए जन संपर्क कर करना, स्वच्छता, कला में विशेष रूचि दिखाते हुए बच्चों व समाज में कार्यों को क्रियान्वित करते हुए सीखने के लिए नए नए नवाचारी कार्य करते हुए समाज सेवा व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक परिवर्तन विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी शैक्षिक चेतनशीलता, रचनात्मक, नवाचारी कार्य तथा शिक्षा गुणवत्ता में संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान उल्लेखनीय है। इन कार्यों के लिए श्रीमति पसीने को उत्कृष्ट प्रधान पाठिका 2025 सम्मान से सम्मानित किया गया।



### पूर्व विधायक मिले कृषि मंत्री से

**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बीते दिवस कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर क्षेत्र में कृषि विकास कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने किसानों की स्थिति, समस्या एवं सहायता के संबंध में चर्चा की। उन्होने क्षेत्र के किसानों को कल्याणकारी कृषि योजनाओं से जोडकर लाभ दिलाने आग्रह किया। करोड़ों की लागत से बन रहे सिद्ध बाबा जलाशय के विकास से अवगत कराया।



### पुलिस ने बुजुर्ग को मिलाया परिजनों से

**गंडई पंडरिया।** गत 13 सितंबर की रात डायल 112 कमांड सेंटर रायपुर को सूचना मिली कि गंडई थाना क्षेत्र में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला रास्ता भटक गई हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके के लिए रवाना हुई। टीम ने नर्मदा और चकनार के बीच रास्ता भटकी महिला को देखा। पूछताछ करने पर महिला ने अपना नाम रजवंती पटेल उम्र 80 वर्ष निवासी वार्ड 10 पटेल पारा गंडई बताया। पुलिस ने बुजुर्ग महिला को सकुशल उसके परिजनों के पास पहुँचाया। अपने परिवार को सामने देखकर महिला की आँखों में खुशी के आँसू आ गए।



# पेट्रोल भराने पैसे की मांग कर युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेट्रोल भरवाने के लिए पैसे की मांग कर मारपीट करने एवं चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी सहित 1 विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 सितंबर को प्रार्थी आर्यन श्रीवास्तव उम्र 21 वर्ष साकिन नेहरू नगर स्थाई पता कबीर नगर रायपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 सितंबर को सुबह साढ़े 4 से 5 बजे के मध्य पारीनाला दरगाह के सामने उसका दोस्त टेक प्रसाद भोई को तीन अज्ञात लडके द्वारा पेट्रोल भरवाने के लिए पैसा मांगे पैसा नही है कहने पर उसका ब्लूटूथ वाला ईयरफोन को रख लिए एवं मोबाइल को छीनने का प्रयास कर जान से मारने की नियत से धारदार चाकू से पीठ एवं बाएं जांघ मे प्राधघातक वार कर दुर्ग तरफ भाग गये। घटना की सूचना मिलने पर यह इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेण्ड्री ले गया जहां से रेफर करने पर रायपुर के एमएमआई नारायणा अस्पताल मे भर्ती कराया बताया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 109 (1), 126(2), 3 (5) बीएनएस कायम किया गया।



### सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के संभावित इलाकों मे लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। फुटेज मे मिले क्लू एवं मुखबिर की सूचना पर आरोपी गौरव साहू उम्र 18 वर्ष शिव नगर वार्ड नं. 38 बसंतपुर , दीनू मांझी उम्र 19 वर्ष दीनदयाल कॉलोनी सहित एक विधि से संघर्षरत बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसे हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपराध कबूल किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू एवं स्कूटी को जप्त कर 14 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर प्रकरण में धारा 25, 25 आर्म्स एक्ट समाहित कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर दो आरोपियों को जिला जेल राजनांदगांव एवं विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेक्षण गृह मे दाखिल किया गया।

# बिजली उपभोक्ताओं का रूला रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कांग्रेस शासन काल मे बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर भाजपा सरकार आम उपभोक्ताओ को रूला रही है। दाऊचौरा मंडल अध्यक्ष राजा सोलंकी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा योजना को बंद किए जाने से आम जनता बुरी तरह परेशान हो गई है।



योजना खत्म होने का असर इस माह के बिजली बिल में साफ देखा जा रहा है। लोगों को पहले की तुलना में इस बार दुगुना तिगुना बिल मिला हैं। श्री सोलंकी ने कहा कि अब केवल 100 यूनिट तक की खपत पर ही आधे बिल का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन 100 यूनिट से एक यूनिट भी ज्यादा होने पर उपभोक्ताओं को पूरा बिल चुकाना पड़ रहा है। पहले जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल 800 से 900 रुपये तक आता था, उन्हें इस माह लगभग उतनी ही खपत पर 18 सौ से 2 हजार रुपये का बिल मिला है। हाफ योजना बंद करने और मीटर बदलने के बाद से पूरे प्रदेश से अनाप-शनाप बिल आने की शिकायत आ रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है और अब सरकार निजी कंपनी के प्रीपेड मीटर लगाने की तैयारी भी कर रही है। उन्होंने भाजपा सरकार को भूपेश सरकार की योजना को दुबारा लागू करने की मांग की है।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव का आज भव्य शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ 15 सितम्बर को होगा । मुख्य अतिथि समाजसेवी मनोहर लाल बिंदल स्थानीय अग्रसेन भवन में प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण करेंगे। कुलपिता एवं कुलदेवी की पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्वलन के साथ एक सप्ताह तक चलने वाले जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हो जायेगी। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया तथा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया ने बताया कि श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के लिए व्यापक तैयारियां की गई है । मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल के अनुसार आयोजन प्रभारियों द्वारा कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं का ऐसा गुलदस्ता तैयार किया गया है जिसमें समाज की प्रतिभाओं के हुनर तथा परिश्रम से मनोरंजन , खेलकूद, सजावट ,कुकिंग, खान-पान, रिति-रिवाज से संबंधित भांति-भांति के फूल मुस्कुराएंगे । जिसका आनंद समाज के सभी लोग व्यंजनों के साथ लेंगे।



### आज के कार्यक्रम

महिला मंडल द्वारा हरे पत्ते से बुके बनाओ, दादी पोते का एक्ट , बच्चों का फैंसी ड्रेस ( भगवान की छवि में) , नमकीन व्यंजन बनाओ ( रागी से), लक्की ड्रा एवं 1 मिनट गेम्स। नवयुवक मंडल द्वारा - बोरा दौड़ तथा जोड़ी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

# नर्मदा मंडल में सेवा पंखवाड़ा के तहत कार्यशाला आयोजित

**सड़क अतरिया।** मां नर्मदा मंडल भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य घम्मन साहू एवं पूर्व तीरथ चंदेल तथा मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल सामिल हुए। कार्यशाला में अगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा की कार्य योजना बनाया गया। मंड़ल अंतर्गत विभिन्न गांव में अलग-अलग गतिविधि आयोजित करने का रूपरेखा बनाया गया। वही कार्यकर्ताओं से भी योजना सूझाया गया। कार्यशाला में भीखु हिरवानी, संतन साहू, आशा जंघेल, डेरालाल मसखरे, प्रकाश जंघेल, प्रकाश वर्मा, नेतराम जंघेल, रमेश जंघेल, ज्योति जंघेल, अनुज साहू, राम प्रसाद जंघेल, बल्लू राम जंघेल, देवलाल साहू, राम खिलावन पटेल, महेश जैन, रोशन जंघेल, बालकृष्ण जंघेल, भूपेन्द्र जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, बोधन सिंह मेंरावी, संतु पटेल, काशी राम पोर्ते, भुवनेश्वर सेन, जानी जंघेल, डोगेन्द्र जंघेल, युवराज जंघेल, राधेलाल, दुर्गेश जंघेल, केन्द्र नायक, रामा साहू, दिनेश साहू, आकाश जायसवाल, लेखराम शिवहरे, केशलाल मंडावी, अमित कुमार, ओम प्रकाश वर्मा, खेलन वर्मा, मिथलेश जैन, ऋषभ सिन्हा, आत्माराम साहू, सुरेश पटेल, धनसाय, समुन्द दास, मन्नू राम नेताम, विशम्भर पटेल, ईद मोहम्मद आदि शामिल थे।



# छुईखदान पुलिस की अनोखी पहल 60 से अधिक नशेबाजों की लगाई परेड



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला केसीजी पुलिस के द्वारा समस्त थाना क्षेत्र में नशा एवं नशेबाजों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान लगातार प्रभावशाली रूप में जारी है। इसी क्रम में आज पुलिस थाना छुईखदान क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने, हल्ला गुल्ला करने और नशा करके घूमने वाले 60 से अधिक नशेड़ियों की थाना परिसर में परेड कराई गई।

पुलिस द्वारा इन सभी को सख्त चेतावनी दी गई और नशे के दुष्प्रभावों को लेकर निबंध लिखवाया गया, ताकि उन्हें नशे के खिलाफ आत्मचिंतन करने और सुधार की प्रेरणा मिल सके। इस कार्यवाही के दौरान नागरिकों को यातायात नियमों के पालन और साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की भी हिदायत दी गई। यह कार्यवाही पूर्व में पुलिस थाना खैरागढ़, गंडई व छुईखदान क्षेत्रों में भी इसी प्रकार से की जा चुकी है और आगे भी जिलेभर में यह मुहिम लगातार जारी रहेगी।

केसीजी पुलिस की यह अनूठी पहल न केवल नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए एक ठोस कदम है, बल्कि युवाओं को जागरूक करने के लिए एक सराहनीय प्रयास भी है। जनसामान्य से अपील की गई है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और नशामुक्त समाज बनाने में योगदान दे।






















## सार समाचार

### ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता आयोजित




**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के अंग्रेजी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर के मार्गदर्शन में ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि ग्रुप डिस्कशन द्वारा छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास एवं भाषा कौशल का विकास होता है। इस प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागी अपने निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करता है। वर्तमान समय में विभिन्न संस्थाओं द्वारा एडमिशन अथवा नौकरी के लिए के लिए ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया जाता है। जिसके माध्यम से प्रतिभागी के कम्युनिकेशन स्किल, लिसनिंग स्किल, विषय पर ज्ञान एवं बॉडी लैंग्वेज के आधार पर उसका चयन किया जाता है। विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर ने कहा कि ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि करना है एवं उन्हें नए अवसरों के लिए तैयार करना है। यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों से 30 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की। जिसमें कुल 6 टीमें में बनाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आराधना गोस्वामी, प्रो. वंदना मिश्रा, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, रोहिणी समरथ एवं डॉ. भारती सोनी ने अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपना फीडबैक दिया। निर्णायक मंडल द्वारा विजेता टीमों को 16 सितंबर को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### मंदिर में महाकाल सेना ने अर्पित किया ध्वज



**राजनांदगांव।** महाकाल सेना ने आज गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते मंदिर शिखर पर पवित्र ध्वज अर्पित किया। सेना के संयोजक पवन डागा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वज को बाबा के शिखर पर चढ़ाया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वज पूजन से हुई। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज को मंदिर शिखर पर लहराया गया। भक्तों ने "हर-हर महादेव" के जयकारों के साथ इस पल को अविस्मरणीय बनाया। इस अवसर पर जयेश चतवानी, विष्णु साव, राजू डागा, संजय तेजवानी, अशोक पांडे, राकेश यादव, टेकचंद साहू, हिमांशु गुप्ता, सागर गुप्ता, मोनू पांडे, अंकित, शेखर लश्करे, संजू बघेल, शरद सिन्हा और चेतन साहू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। महाकाल सेना संयोजक पवन डागा ने कहा कि सोमनाथ बाबा के चरणों में ध्वज अर्पित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यह ध्वज हमारे आस्था, एकता और संकल्प का प्रतीक है। धार्मिक आयोजनों में ध्वज अर्पण केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज में आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। महाकाल सेना का यह कदम युवाओं को अपनी संस्कृति और सनातन परंपराओं से जोड़ने का प्रेरणादायी संदेश देता है। उक्त जानकारी प्रचार-प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### मेजर ध्यानचंद हमेशा रहेंगे अनुकरणीय




**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में खेल दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ठा.प्यारेलाल स्कूल राजनांदगांव के प्राचार्य भूषण साव शामिल थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि मेजर ध्यानचंद की जीवनी प्रेरणादायक रही। सेना में एक सैनिक के रूप में सेवा करते हुए भी उन्होंने हॉकी को अपना खेल के रूप में चुना। साथ ही अपने दमदार प्रदर्शन से सन् 1928, 1932 एवं 1936 के ओलंपिक खेल में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे हमेशा खेल जगत में याद रहेंगे। मुख्य वक्ता भूषण साव ने कहा कि सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद की जयंती को खेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय बहुत अच्छा है। मेजर ध्यानचंद के अंदर देशप्रेम की भावना कूट-कूटकर भरी हुई थी। उन्हें जब हिटलर द्वारा भारत छोड़कर जर्मनी आकर खेलने पर फील्ड मार्शल पद देने की पेशकश की गई तो उन्हें उसे ठुकरा दिया था। उनका जीवन खेल के प्रति समर्पित था। हमें उन्हें आदर्श बनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि सन-2012 से मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को खेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। खेल जीवन का अभिन्न अंग है, सरकार ने फाट इंडिया की बात भी कहा है। जीवन में खेलों का शारीरिक, मानसिक और सामजिक विकास में बहुत महत्व है। हॉकी के क्षेत्र में मृणाल चौबे, रेणुका यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। इस अवसर पर डॉ. अनिता महिश्वर, डॉ. केएल दामले, डॉ. महेश श्रीवास्तव, डॉ. संतोष कुमार उके, डॉ. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, करूणा रावटे, मंजरी सिंह, रामू पाटिल सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### हत्या में प्रयुक्त बैसबाल डण्डा, बाईक जब्त

# दोहरे हत्याकाण्ड का फरार एक और आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बजरंगपुर नवागांव में हुए हत्या के मामले में पुलिस ने एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। जिससे बैसबाल डण्डा, बाईक जब्त किया गया है। इस मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने चिखली पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 7 सितंबर को पृथ्वी भट्ट अपने दोस्तों के साथ पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर उसके घर के अंदर घुस गये। अश्लील गाली गुप्तार करते हुए मर्डर करने की बात बोलकर जान से मारने की धमकी देने लगे। तब घर वाले एवं आसपास के लोगों बीच बचाव करने पर पडोसी राकेश ढीमर व प्रार्थी के पिता को पृथ्वी भट्ट, अभय मिश्रा, जीत साहू एवं अन्य साथियों ने अपने हाथ में रखे धारदार चाकू, बेसबॉल के डंडा से प्राण घातक हमला किया। जिसमें राकेश ढीमर की मृत्यु हो गई और किशन राजपूत की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। आशीष ठाकुर के सिर में चोट लगा है। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलॉफ धारा 296, 333, 189 (4), 191 (2), 191 (3), 103 (1), 109 (1) बीएनएस, 25 27 आर्म्स एक्ट कायम किया गया।




#### दुर्ग में पकड़ाया आरोपी

पुलिस के अनुसार मामले में आरोपी पृथ्वी भट्ट, विमल कुमार यादव, शेख खान उर्फ सोनू, मोहम्मद अहमद, जीतु उर्फ जीत साहू, तौसिफ रजा, शेख रजा उर्फ रजक, रितिक भट्ट, एवं दो विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर लिया गया था। अन्य आरोपी फरार थे पुलिस ने 14 सितंबर को मुखबीर की सुचना पर प्रकरण के सह आरोपी शेख रेहान उम्र 19 साल गौरीनगर को दुर्ग से पकडा गया। पूछताछ करने पर आरोपी शेख रेहान द्वारा घटना घटित करना स्वीकार किया एवं घटना में प्रयुक्त बैसबाल लकड़ी का डण्डा, मोटर सायकल, मोबाइल बरामद कराया। आरोपी को विधिवत गिरफतार कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया, प्रकरण के अन्य फरार सह आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

# दोपहिया वाहन, जेवर चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही

चोरी के मामले में जांच पडताल कर रही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया केमेश्वरी रावटे उम्र 26 साल, निवासी ग्राम खैरवाही वर्तमान पता नांदिया चाल वार्ड नं. 15 डोंगरगांव, द्वारा 23इ जुलाई को अपने घर नांदिया चाल डोंगरगांव से सोने की चैन वजनी 4.660 ग्राम, सोने की अंगूठी वजनी 2.130 ग्राम, सोने का छल्ला वजनी 1.290 ग्राम एवं एक पेन ड्राईव कुल किमती 41500 रूपए चोरी होने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2),331(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वही दूसरे प्रकरण के प्रार्थिया श्रीमती संतोषी सोरी उम्र 45 साल निवासी साकेत धाम के पास मटिया रोड जिला राजनांदगांव द्वारा 1 सितंबर को अपने घर के आंगन में रखे टीव्हीएस ज्यूपीटर वाहन की चोरी होने कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगांव में धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

#### आभूषण बरामद

आरोपी चन्द्रभान वैष्णव को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की टीव्हीएस ज्यूपीटर एवं सोने की चैन, सोने की अंगूठी एवं सोने का छल्ला कीमती 41,500 रूपये को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

#### पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा एवं टीम के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थिया से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुए प्रकरण में आरोपी चन्द्रभान वैष्णव को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की। आरोपी द्वारा वाहन एवं सोने के आभूषण चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया।

# गांव-गांव में पूर्ण शराबबंदी होने से माहौल हो रहा शांत

**राजनांदगांव।** युवाओं को नशे की लत से बचने और गांव में शराब, गांजा की अवैध बिक्री रोकने राजनंदगांव जिले के विभिन्न ग्रामों में जुर्माना लगाया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम मोखला, भर्रेगांव, आरला, सुरगी, खुटेरी, धामनसरा, जंगलेशर, माथलडबरी, मोहड़ सहित जिले के विभिन्न ग्रामों में पूर्ण शराबबंदी की गई है। मोखला में शराब की अवैध बिक्री करने वाले पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है और शराब खरीदने वालों से 30 हजार का दंड लगेगा। इसी तरह सभी ग्रामों में किया गया है।

यह निर्णय लेने से गांव में शांतिपूर्ण माहौल है। जिसके बाद गांव में इसे लेकर पोस्टर भी चस्पा किया गया है। गांव में मुनादी भी कराई गई है, ताकि किसी भी हिस्से में शराब, गांजा और नशीली चीजों की बिक्री ना हो। इसके बाद गांव में नशे का अवैध कारोबार लगभग थम सा गया है। क्षेत्र के ग्रामों का पहला दूसरे गांव के लिए भी अनुकरणीय है।

दूसरी तरफ राजनांदगांव जिले की बड़े पंचायत में इसका अनुशरण नहीं किया गया है। वहां शराबियों की महफिल सज रही है। ग्राम टेडेसरा के ग्रामीणों ने बताया कि शराब भट्टी के सामने जहां बच्चे क्रिकेट एवं अन्य खेल खेलते हैं। वहां पर शराबियों का जमावड़ा रहता है और ग्राम पंचायत के मुक्तिधाम में तीन बोरिंग होने के कारण शराबियों की महफिल प्रतिदिन जमती है। पानी पाउच, डिस्पोजल और शराब की बोतल को तोड़ दी जा रही है। इस पर कोई कार्रवाई न ही ग्राम पंचायत कर रही है न ही इस पर ध्यान दिया जा रहा है।

# घर से लापता बालिका गोंदिया में मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में किसी को बिना बताए कहीं चली गई नाबालिग बालिका की खोज खबर लेकर पुलिस ने गोंदिया से बरामद किया, जिसे उसके परिजनों को सौंपा गया।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी भतीजी उम्र 17 साल 7 सितंबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर अपहत बालिका एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।

#### पुलिस का आभार माना

विवेचना के दौरान अपहृत बालिका के गोंदिया (महाराष्ट्र) में होने की सूचना मिलने पर थाना स्तर पर टीम गठित कर उपरोक्त टीम को गोंदिया महाराष्ट्र रवाना कर अपहृत बालिका को गोंदिया (महाराष्ट्र) से बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपहृता के परिजन अपनी भतीजी को सुपुर्दनामा पर प्राप्त कर थाना बसंतपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

#### आरोपियों से शराब बरामद

सूचना के आधार पर आरोपी दउवाराम प्रजापति 61 साल निवासी मोहारा और रोमांचलदास देशलहरे 45 साल निवासी ग्राम भंवरमरा अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से शराब परिवहन करते पाए जाने से आरोपियों के कब्जे से 48 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3450 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त एवं आरोपी दीपक यादव 40 साल निवासी लखोली के कब्जे से 31 पौवा देशी शराब कीमती 3100 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त वाहन ई-रिक्शा को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

#### अन्य मामलों में कार्रवाई

पुलिस के अनुसार मोहल्ले में हो-हुल्डन करने वाले हर्ष पांडया 23 साल निवासी प्रभातनगर के विरूद्ध इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भानासुसं के तहत कार्रवाई कर अनावेदक को न्यायायल के समक्ष पेश किया गया एवं न्यायालय से जारी स्थायी वारंटी आशीष उर्फ नेतराम निवासी इंदिरा नगर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, सहायक उपनिरीक्षक मनमोहन साहू, डेजलाल माण्डे, प्रधान आरक्षक विनोद जाटव, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक प्रवीण मेश्राम एवं आशीष मानिकपुरी की सराहनीय भूमिका रही।

# युगांतर स्कूल में हिंदी सप्ताह का आयोजन




**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी सप्ताह का शानदार आयोजन संपन्न हुआ। इसके तहत कक्षा 6वीं से 8वीं तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अन्तर्गृह काव्य पाठ तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई।

प्रतियोगिता में सत्यम, शिवम, सुंदरम और मधुरम गृह के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रत्येक गृह से तीन-तीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें 6वीं से 8वीं तक के वर्ग में प्रथम जिया रामटेके, आराध्या, द्वितीय नवीन, तनु, तृतीय आराध्या जैन, प्रोत्साहन पुरस्कार ऋतिक नायर तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के वर्ग में प्रथम आर्या राहटगांवकर, द्वितीय सायली कोठारी, तृतीय रीत शुक्ला रहे।

इसी तरह अन्तर्गृह वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के वर्ग के पक्ष में प्रथम भक्ति नाहटा, द्वितीय ईशलीन कौर बग्गा, उमा भारती पैकरा, तृतीय ऋषा जैन तथा विपक्ष में प्रथम द्रुवि कोठारी, द्वितीय सौहार्द्र, तृतीय विहान भुरे, तारिशी सिंह राजपूत रहे। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के वर्ग के पक्ष में प्रथम हिमानी जोगी, द्वितीय वर्षा सोनी, धनंजय सोनवानी, तृतीय घनिष्ठा जैन तथा विपक्ष में प्रथम जिज्ञासा सिंह, प्रथम गोयल, द्वितीय अंकित शर्मा, तृतीय अभय सोनी रहे। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने कहा कि हिंदी सप्ताह मनाते युगांतर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। हमें इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से किसी भाषा का मर्म समझ में आता है और हमें यह अनुभव होता है कि हम भाषाई शिक्षा के किस पायदान में खड़े हैं। यह प्रतियोगिता हिंदी विभागाध्यक्ष वीएन राय के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित हुई। कक्षा 6वीं से कक्षा 8वीं की काव्य-पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक मेघा जस्सल, परमजीत ठाकुर तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक श्वेता मूंदड़ा, मधु ठाकुर रहें।

कक्षा 9वीं से 12वीं तक के वर्ग की काव्य पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक रिंकू राय, बलवंत निषाद तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक रिंकू राय, मदनमोहन कालबांधे रहे।

### क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन

**राजनांदगांव।** तकनीकी संघ छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में क्षेत्रीय कार्यकारिणी का को गठन किया गया। 13 सितंबर को प्रांतीय पदाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी तकनीकी संघ द्वारा राजनांदगांव के संभागीय कार्यालय में कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया। जिसमें संघ द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष डॉमन लाल साहू, उपाध्यक्ष श्यामल जैन, महामंत्री टीकेंद्र साहू, सचिव संजय, मनोहर साहू, कोषाध्यक्ष नंदलाल पटेल, दिग्विजय, मीडिया प्रभारी मनु साहू, बृजेश देवांगन शामिल हैं।



# चावल तस्करी से महिलाओं में आक्रोश, कलेक्टर को ज्ञापन



- कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्टेशनपारा वार्ड क्रमांक 11 की नवनियुक्त राशन दुकान पर महिला स्व सहायता समूह को अधिकार मिलने के बावजूद पुरूषों का दबदबा बना हुआ है। इसको लेकर वार्ड की महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज महिलाओं ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और राशन दुकान में चल रहे अनियमितताओं का खुलासा किया।

लक्ष्मीनारायण महिला स्व-सहायता समूह को आवंटित की गई राशन दुकान (आईडी 421001008) पर महिलाओं की जगह पुरूषों को बैठाए जाने से स्थानीय महिलाएं आक्रोशित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे न केवल उनकी गरिमा और सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है, बल्कि राशन वितरण व्यवस्था भी चरमरा गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि दुकान से खुलेआम चावल की तस्करी की जा रही है। गरीबों के हिस्से का चावल बाजार में बेचा जा रहा है।

जबकि जरूरतमंद परिवार राशन के लिए भटक रहे हैं। महिलाओं ने सवाल उठाया है कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध कार्य चल रहा है? उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगी।

# सूने घर में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- पुलिस ने चार आरोपी को पकड़ा
- दो विधि से संघर्षरत बालक

सूने घर में चोरी के मामले की जांच कर रही पुलिस ने चार आरोपी एवं दो विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ कर कार्यवाही की है।

पुलिस के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी सुरेश कुमार साहू उम्र 73 वर्ष ग्राम कोहका हॉल पता सेक्टर 2 भिलाई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 सितंबर को घर का साफ सफाई हेतु कोहका आने पर घर का सामान बिखरा पडा था, किचन के खिड़की का राड टूटा हुआ था, घर में रखा सामान पीतल गंजी व 2 गुंडी, 8 नग फूल कास थाली, 7 नग लोटा, 1 सिलिंग फेन, 1 नग टुल्लु पंम्प, 40 पेटी टाइल्स घरेलू उपयोगी सामान व नगदी रकम 20,000 रुपये व समान किमती रिपोर्ट पर धारा 305, 331(4), बीएनएस, का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

#### तुमडीबोड पुलिस ने की कार्यवाही

पुलिस के अनुसार मामले की जांच पडताल के दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि कोहका में कुछ लोग चोरीशुदा समान बिक्री करने ग्राहक की तलाश कर रहे है । सूचना पर तत्काल ग्राम कोहका पहूचकर घेराबंदी कर आरोपियों को पकडा गया कड़ाई से पुछताछ करने पर संदेही राजकुमार साहू ,गजेन्द्र कुमार साहू ,चंद्रेश कुमार यादव, मदन मरकाम एंव 02 विधि संघर्षरत बालक जो चोरी करना स्वीकार किए।

#### सामान बरामद

जिन्हें अभिरक्षा में लेकर चोरीशुदा टुल्लू पंप, 5 पेटी टाइल्स, 1 नग,1 नग सब्बल, 1 सीलिंग फैन निशानदेही पर बरामद कर, 14 सितंबर को आरोपियों व विधि संघर्षरत बालकों को न्यायालय,बाल न्यायालय पेश किया गया ।

# मोपेड में ले जा रहे थे गांजा, दो पकड़ाए

**छुईखदान।** मोपेड में अवैध रूप से गांजा की तस्करी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 2.721 किलोग्राम गांजा एवं मोपेड को जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस टीम के द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 13 सितंबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा चंद्राकर ढाबा के पास खैरागढ़ जाने वाला मेन रोड़ छुईखदान के पास रेड की गई, जहां दो आरोपी घनश्याम मानिकपुरी उर्फ पप्पू उम्र 31 वर्ष रामनगर सुपेला, प्रवीण कुमार चंदेल उम्र 24 वर्ष कर्मा भवन के पास रामनगर सुपेला को पकड़कर उनके कब्जे से 2.721 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत लगभग 25 हजार रूपए एवं परिवहन हेतु प्रयुक्त एक्टिवा को जब्त किया गया।

#### पुलिस ने की कार्यवाही

आरोपियों के विरुद्ध थाना छुईखदान में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को 14 सितंबर को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।






## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज कवर्धा के एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग ट्रेनिंग प्रशिक्षण दिया गया



**हरिभूमि कवर्धा**।आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा के एनसीसी कैडेट्स ने 38वीं बटालियन एनसीसी राजनांदगांव के तत्वाधान में फायरिंग रेंज, भागूटोला, खार, थाना भोरमदेव में फायरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के सभी कैडेट्स ने भाग लिया। इस दौरान कैडेट्स ने राइफल चलाने, निशाना साधने और फायरिंग से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकों को सीखा। फायरिंग रेंज में कैडेट्स ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित लक्ष्य पर निशाना लगाया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कैडेट्स में साहस, अनुशासन और लक्ष्य पर एकाग्रता जैसे गुणों को विकसित करना था। शिविर के दौरान एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट भानुप्रताप सिंह उपस्थित थें और उन्होंने कैडेट्स को आवश्यक मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया। यह प्रशिक्षण 38 बटालियन छत्तीसगढ़ एनसीसी राजनांदगांव द्वारा आयोजित किया गया था, जो युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण और नागरिक जिम्मेदारियों के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह के प्रशिक्षण से कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है, जिससे वे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

### छग राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह मनाया गया



**हरिभूमि पिपरिया**। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर महंत श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव शास स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में रजत जयंती मनाया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई। तत्पश्चात पुस्तक वाचन, ग्रुप डिस्कसन, क्विज, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पूर्व छात्राओं के लिए एलुमिनाई मीट का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि प्रमोद साहू सरपंच एवं अन्य पूर्व छात्र उपस्थित थें। पूर्व छात्रों ने अपने पढ़ाई जीवन के अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए। 10 सितंबर को आत्महत्या रोकथाम दिवस कार्यक्रम का आयोजन की गई, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ विनोद चंद्रवंशी (बीएमओं), 11 सितंबर को क्विज, भाषण निबंध प्रतियोगिता मेरे सपनों का छत्तीसगढ़ विषय पर रखा गया, 12 सितंबर को सेमिनार व्याख्यान प्रस्तुत की गई जिसमें शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा समृद्ध छत्तीसगढ़ विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में रासेयो के स्वयं सेवकों एवं महाविद्यालयीन छात्रों द्वारा महाविद्यालय से पिपरिया नगर तक रैली आयोजित की गई साथ ही विभिन्न नारों और गीतों के माध्यम से नगरवासियों को जागरूक किया गया। जिसमें बड़े बाजार पिपरिया चौक पर स्वयं सेवकों द्वारा नशा मुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक का बेहतरीन प्रदर्शन कर लोगों को जन-जागरूक किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम में सत्येंद्र चंद्रवंशी सहायक प्राध्यापक, बृजभूषण वर्मा, डॉ दिनेश टंडन, डॉ ममता दुबे, डॉ सरस्वती, श्रीदान दिवाकर, सीआर साहू, चंद्रप्रकाश सोनी, अभिजीत, सुश्री लीना महार एवं समस्त प्राध्यापक गण की सराहनीय भूमिका रही।

### होली किंगडम स्कूल में एनएसएस रजत महोत्सव पर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का भव्य आयोजन



**कवर्धा**। होली किंगडम इंग्लिश हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल में एनएसएस इकाई (राष्ट्रीय सेवा योजना) के रजत महोत्सव वर्ष अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का मार्ग ही नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति में जागरूकता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी पैदा करती है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी जैसे चिंतकों के विचारों को स्मरण करते हुए बताया कि साक्षरता, राष्ट्र की प्रगति का सबसे सशक्त आधार है। एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल ध्येय है छात्राओं में सेवा, अनुशासन, विनम्रता और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे गुणों का विकास करना। नॉट मी बट यू के आदर्श वाक्य को समझाते हुए उन्होंने कहा कि एक स्वयंसेवक का प्रथम कर्तव्य समाज के कल्याण को स्वयं से ऊपर रखना है। शिक्षा और सेवा दोनों के मिलन से ही एक सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण संभव है।

# विधायक भावना के प्रयास से 72 वर्ष प्राचीन गायत्री मंदिर का पट खुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

ग्राम रूसे में 72 वर्ष प्राचीन वेद माता गायत्री मंदिर विवाद के चलते पिछले 4-5 माह से बंद पड़ा था, आस्था का



केंद्र माता की मंदिर के पट बंद होने व पूजा-पाठ नहीं होने के चलते ग्रामवासियों के बीच नाराजगी का माहौल निर्मित हो रहा था एवं ग्रामीणों के मन में गुस्से की आग सुलग रही थी और यह आग एक बड़े उग्र आंदोलन के रूप में पनप सकती थी। जिस पर विधायक भावना बोहरा के संज्ञान में आने से एवं उनके द्वारा गंभीरतापूर्वक मामले को सुलझाने से मामला सुलझ गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रूसे में 1945-50 के दशक में ग्रामवासियों के सहयोग से पं कृष्ण दत्त शर्मा के कुशल मार्ग दर्शन में वेद माता गायत्री मंदिर के निर्माण हेतु नींव रखी गई थी एवं 1953 में मंदिर का पूर्ण रूप से निर्माण हुआ था मंदिर निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा पश्चात मंदिर में वर्षो तक पूजा-पाठ पं कृष्ण दत्त शर्मा करते आ रहे थे। उनके निधन पश्चात उनके पुत्र राजेंद्र शर्मा मंदिर की पूजा-पाठ का कार्य करते रहे, किंतु पिछले 4-5 माह से मंदिर के वर्तमान पुजारी श्री शर्मा के स्वास्थ्य खराब होने के चलते श्री शर्मा अपने इलाज कराने ग्राम से बाहर गए हुए थे, जिसके कारण मंदिर का पट बंद था, जिसके चलते मंदिर में नितदिन पूजा पाठ नहीं हो पा रही थी, ग्रामवासियों द्वारा फोन व अन्य माध्यमों से पुजारी संपर्क नहीं हो पा रहा था और पूजा-पाठ नही होने के कारण ग्रामवासियों में नाराजगी थी। नाराजगी के चलते ग्रामीणों ने मंदिर के पट-खुलवाने हेतु तहसीलदार कुण्डा को भी निवेदन किया था, उक्त मामला जब पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के संज्ञान में पहुंचा तो मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने त्वरित समाधान हेतु तहसीलदार को ग्राम रूसे जाने निर्देशित किया एवं ग्रामवासी व पुजारी को एक साथ बैठाकर आपसी सामंजस्य से मामला को सुलझाने हेतु निर्देश दिया। जिस पर तहसीलदार विधायक भावना बोहरा का शांति संदेश लेकर ग्राम रूसे पहुंचे, जहां ग्रामीणों एवं पुजारी को एक साथ बैठाकर विधायक भावना बोहरा का शांति संदेश सुनाया जिसे ग्रामवासियों एवं पुजारी ने सहर्ष स्वीकारते हुए पुजारी ने अपने स्वास्थ्य ठीक हो जाने तक संतोष तिवारी को मंदिर की पूजा पाठ का कार्य करने नियुक्त किया और पुजारी परिवार द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि इस तरह की परिस्थिति अब कभी निर्मित नही होगी और इस तरह विधायक श्रीमती भावना बोहरा के पहल से मामला सुलझ गया एवं यह घटना बड़े रूप लेने से रुक गई।



**विधायक के प्रयास से मंदिर का पट खुला, ग्रामीण अब कर सकेंगे दर्शन व पूजा पाठ**

प्राचीन मंदिर वेद माता गायत्री के पुजारी राजेंद्र शर्मा के पुत्र प्रशांत शर्मा ने कहा क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मुझसे फोन पर कहा कि आप ग्राम की शांति व्यवस्था बनाने एवं ग्रामवासियों के मंदिर के प्रति आस्था को बनाए रखने के लिए दर्शन हेतु मंदिर का पट खोल दीजिए, हमने विधायक भावना बोहरा की आग्रह को स्वीकारते हुए त्वरित मंदिर का पट को खोल दिया है और नितदिन पूजा पाठ के लिए पं संतोष तिवारी को जिम्मेदारी दे दी गई है अब प्रतिदिन मंदिर की पट खुलेगी और विधिवत पूजा अर्चना होगी सभी ग्रामवासी पुनः दर्शन व पूजा पाठ कर सकेंगे।

### अनदेखी: ग्रामीण रहवासी गण किचड़ भरी सड़कों पर चलने मजबूर

# वर्षों बाद भी नहीं सुधरी सड़कों को स्थिति, आवाजाही बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौरी

इंदौरी को नगर पंचायत बनाए जाने के एक साल के बावजूद यहां की हालत में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। कई वार्डो में बनी सड़कों की खराब स्थिति और असंतुलित जल निकासी के कारण मोहल्लों में बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। लोगों को किचड़ भरी सड़कों पर चलना पड़ रहा है, जिससे उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर वार्ड क्रमांक 14 की सड़कें पिछले पांच वर्षो से खराब हालत में हैं। वार्डवासियों का कहना है कि नगर पंचायत बनने के बाद भी इस वार्ड में किसी तरह का ध्यान नहीं दिया गया। बारिश के दिनों में सड़कों पर जलभराव और गंदगी बढ़ जाती है, जिससे लोग घरों से निकलने में भी हिचकिचाते हैं। वार्ड के लोग नियमित सफाई न होने और सड़कों की सुधार न होने से बेहद नाराज व आक्रोश व्याप्त हैं। वार्डवासियों का आरोप है कि नगर पंचायत बनने के बाद मुख्य रूप से केवल साफ-सफाई और कुछ रिहायसी क्षेत्रों पर ध्यान दिया जा रहा है, जबकि जिन वार्डो में गंभीर समस्याएं हैं, उन्हें पार्षदों और अधिकारियों द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। सड़कों में पानी निकासी की व्यवस्था और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए वार्डवासियों को बार-बार प्रशासन के पास जुझना पड़ रहा है।



**प्रशासन के प्रति ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश**

वार्डवासियों का कहना है कि नगर पंचायत बनने के बाद मिलने वाली सुविधाएं उन्हें अब तक नहीं मिल पाई हैं। उन्हें लगातार सड़कें टूटी हुई, गंदगी भरी और जलभराव के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि केवल घोषणा और दिखावे से काम नहीं चलेगा, बल्कि ठोस कदम उठाकर सड़कें और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की गई।



# श्रेष्ठ शिक्षक व उत्कृष्ट कार्य हेतु गुरु गौरव शिक्षक सम्मान से सम्मानितः विजय लंझियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विगत दिनों शनिवार को पीजी कॉलेज सभागृह कवर्धा में वेदस्त एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा गुरु गौरव शिक्षक सम्मान-2025 का आयोजन किया गया। जिसमें राजधानी रायपुर के तीन यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ जयेंद्र नारंग अंजनेया यूनिवर्सिटी रायपुर, जेके खान डायरेक्टर मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर एवं मोहन गोयल आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर एवं डीजी पात्रा सहायक संचालक शिक्षण विभाग कवर्धा के कर-कमलों द्वारा विजय कुमार लंझियाना, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मजगांव को श्रेष्ठ शिक्षक व उत्कृष्ट कार्य हेतु गुरु गौरव शिक्षक सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया।

विजय कुमार लंझियाना शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य शून्य निवेश नवाचार, शिक्षा गुणवत्ता, बच्चों को शत-प्रतिशत शाला में प्रवेश दिलाना, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, सामाजिक सहभागिता एवं पौधरोपण कार्य करने पर यह सम्मान प्राप्त हुआ है। इस सम्मान के लिए सभी संकुल के शिक्षकों एवं मित्रों द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी।

### पंकज मिश्रा का किया गया भव्य स्वागत



**हरिभूमि कोलेगांव**। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश में रविवार को कांग्रेस कमेटी कुंडा प्रभारी पंकज मिश्रा द्वारा संगठन सृजन के तहत कांग्रेस कमेटी कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष के लिए कार्यकर्ताओं का बैठक लिया गया। जिसमें प्रभारी पंकज मिश्रा का कांग्रेस कमेटी कुण्डा के कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-माला व पटाखा के साथ भव्य स्वागत किया गया। प्रभारी पंकज मिश्रा के द्वारा कांग्रेस कमेटी कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष के नियुक्ति के लिए एक-एक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का राय लिया गया और ऐसे कांग्रेस कार्यकर्ता को ब्लॉक अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा जाएगा जो संगठन के लिए पार्टी के लिए कंधे से कंधे मिलाकर काम कर सके और अपने पार्टी को मजबूत कर सके ऐसे कार्यकर्ता को चुनकर ब्लॉक अध्यक्ष बनाया जाएगा। जिसमें एक पर सहमति नहीं बन पाया और कुण्डा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के लिए 19 आवेदन आए हैं, जिसमें वर्तमान अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, पवन शर्मा, आरती सुमन, चंद्रभान गायकवाड साधेराम अनंत, परमानंद साहू, सहित 19 आवेदन प्रभारी पंकज मिश्रा के हाथों आवेदन दिए गए हैं। जिसे लेकर संगठन में रायसुमारी लेकर नियुक्ति किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, पवन शर्मा, आरती सुमन, प्रशांत परिहार साधेराम अनंत, दिनेश पाण्डेय, चंद्रभान गायकवाड, सनत चंद्राकर, उत्तर चंद्राकर, बलदाऊ साहू, मोचन चंद्रवंशी, परमानंद साहू, लाला चंद्रवंशी, भरत साहू, शिव सिंह चौहान, रामावतार सिंगरौल सहित कांग्रेस कमेटी कुण्डा ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# आरपीएस स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता व हिन्दी सप्ताह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत की शान है हिन्दी, हम सबकी पहचान हिन्दी, हिन्दी से ही है हमारी अस्मिता, सांस्कृतिकता व ऐतिहासिक का बोध कराती हिन्दी। इन्हीं महत्वों से ओत-प्रोत श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में 8 से 14 सितम्बर तक हिन्दी सप्ताह का गरिमामयी आयोजन किया गया।



आयोजन के क्रम में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के सभी निर्देश हिन्दी भाषा में ही दिए गए, साथ ही कक्षा छठवीं के बच्चों ने उचित हाव-भाव से रोमांचकता के साथ अपनी अनेकतिक लघुकथाएं प्रस्तुत की, तो वहीं कक्षा 7वीं के बच्चों द्वारा हिन्दी भाषा मेरी प्यारी भाषा के महत्व पर स्वयं के विचारों को निबंध लेखन के माध्यम से अभिव्यक्त किया, कक्षा 8वीं के बच्चों के द्वारा हिन्दी भाषा सबकी भाषा विषय पर सुंदर-सुंदर एवं मंत्रमुग्ध कर देने वाली कविताएं प्रस्तुत की गई। इस कड़ी में कक्षा तीसरी से 5वीं तक के बच्चे भी पीछे नहीं रहे, इन्होंने त्रुटि रहित धारा प्रवाहपुस्तक वाचन प्रतियोगिता में अपनी बखूबी भूमिका निभाई, प्री-प्राईमरी व प्राईमरी समूह के बच्चों ने भी वर्णमाला गायन, मात्रा पहचान, सही शब्दों में गोला-लगाना आदि गतिविधियों में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। पूरे कार्यक्रम के अंतिम दिवस शनिवार को विद्यालय का स्वामी विवेकानंद सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, जिसमें कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के बच्चों के मध्य हिन्दी भाषा का महत्व विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपने मत प्रकट किए, सभी ने निर्धारित समय-सीमा में अपना विचार तो प्रस्तुत किया ही साथ ही साथ विपक्ष के भी बातों का करारा जवाब दिया। पूरा आयोजन बहुत ही रोमांचक वातावरण में संपन्न हुआ।

### कुण्डा में भाजपा का मण्डल स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न



**हरिभूमि कुण्डा**। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 जन्मदिवस को भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 2025 के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाले सेवा कार्यक्रम के संदर्भ में कुण्डा में भाजपा का मण्डल स्तरीय कार्यशाला कार्यक्रम मुख्य वक्ता रामकुमार भट्ट जिला पंचायत सभापति के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्य वक्ता सदस्य जिला पंचायत रामकुमार भट्ट, कार्यक्रम के मण्डल संयोजक संतोष चंद्रवंशी एवं सह संयोजक श्रवण साहू एवं दिनेश चंद्रवंशी के उपस्थिति में मण्डल स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को मुख्य वक्ता रामकुमार भट्ट ने सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के गतिविधियों की जानकारी देते हुए दिशा-निर्देश दिए। वही उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने मण्डल स्तरीय 15 सदस्य टीम की नियुक्ति की गई है एवं विभिन्न कार्यक्रमों को सफल बनाने कार्यक्रम की प्रभारी बनाया गया। जिसमें कार्यक्रम प्रभारी स्वच्छता अभियान के लिए सुमन गुप्ता एक पेड़ मां की नाम पौधरोपण के लिए महामंत्री मनहरण साहू रक्त शिविर के लिए, उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर स्वास्थ्य शिविर हेतु संतोष ध्रुव प्रधानमंत्री के जीवनी पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन हेतु, रामस्वरूप साहू प्रबुद्ध वर्ग संवाद, सुरेश दुबे दिव्यांग और राज्य के अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान गजेश यादव, वोकल फॉर लोकल का प्रचार हेतु, दिनेश मिश्रा प्रधानमंत्री के मोदी पर चयनित पुस्तकों का वितरण, सुमन ढीमर सासंद खेल कूद प्रतियोगिता हेतु, सेवाराम कुर्रे विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, महेंद्र धृतलहरे मोदी विकास मैराथन कार्यक्रम, हरेंद्र राजपूत प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, अश्वनी यदु, पं. दिनदयाल जयंती व मोहन चंद्रवंशी गांधी जयंती कार्यक्रम तथा गीता साहू को प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, दिनेश मिश्रा, सुमन गुप्ता ने संबोधित किया, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के रूप रेखा विस्तार संतोष चंद्रवंशी द्वारा रखी गई। उक्त कार्यक्रम में ध्वजाराम चंद्राकर, विकास पाण्डेय, माखन चंद्रवंशी, गणेश यादव, भोलाराम चंद्रवंशी, शेखर सिंगरौल, अश्वनी यदु, जेठूराम निर्मलकर, मुकेश यदु, परमेश्वर साहू, रमन खनूजा, देवेंद्र चंद्रवंशी, नीलेश गुप्ता, पुरुषोत्तम निर्मलकर, सूरज यादव, सुधाराम साहू, राजू श्रीवास्तव, रामप्रताप श्रीवास, कुवारिया चंद्राकर, भानुमती साहू, सरिता वैष्णव, संगीता निर्मलकर, बबली साहू सहित कुण्डा मण्डल के 55 बूथों के अध्यक्ष युवा मोर्चा किसान मोर्चा ओबीसी मोर्चा महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री मनहरण साहू ने किया आभार व्यक्त श्रवण साहू ने किया।

### छात्राओं ने हिंदी भाषा की उपयोगिता व महत्व पर बेहतरीन प्रस्तुति दी

# अभ्युदय स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया हिंदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल में हिंदी दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ पूजन एवं वंदना से हुई। इस अवसर पर अतिथि सहनिर्णायक मार्तण्ड सिंह राजपूत, व्याख्याता हिंदी अंकुर गुप्ता, प्रतिष्ठित आशुकवि कवर्धा, प्राचार्य तोरण साहू, विभागाध्यक्ष श्रीमती रीता सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। हिंदी दिवस के अवसर पर अंतरशालेय हाउस-वाइज अभिनय प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदन के छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने नाट्य मंचन के माध्यम से वर्तमान समाज में हिंदी भाषा की उपयोगिता एवं महत्व पर बेहतरीन प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि मार्तण्ड सिंह राजपूत ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हिंदी को केवल विषय न समझें, बल्कि जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने हिंदी के साहित्यकारों और कवियों के योगदान का उल्लेख करते हुए भाषा के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि अंकुर गुप्ता ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को हिंदी के प्रयोग को जीवन में प्राथमिकता देने का संदेश दिया।

तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ भाषा और संस्कृति के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने हिंदी के बढ़ावा के लिए आयोजित कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि हिंदी केवल हमारी भाषा नहीं, बल्कि हमारी पहचान है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी के माध्यम से राष्ट्र की एकता और अखंडता के भाव को निरूपित किया जा सकता है। तदुपरांत विभागाध्यक्ष श्रीमती रीता ने उद्बोधन में भाषा की महत्ता को दृष्टांतों के माध्यम से व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को हिंदी के मूल तत्वों से साक्षात्कार कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रथम इकाई से लेकर जीवन के विभिन्न पहलुओं तक हमें जोड़ने वाला सशक्त सेतु है। उनके वक्तव्य ने हिंदी की महत्ता एवं उपयोगिता को चरितार्थ करते हुए सभी को इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित किया। अंत में निर्णायकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ अभिनय करने वाले हाउस को सम्मानित किया गया। साथ ही सर्वश्रेष्ठ अभिनेता एवं अभिनेत्री को विजय पदक भी प्रदान किया गया। साथ ही संदीप दीक्षित ने सभी अतिथियों, प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**सवाल: सफेदपोश जिम्मेदार पाक साफ, बलि का बकरा बना अदना सा कर्मचारी**

# करोड़ों के धान की बर्बादी के बीच धान घोटाले को लेकर सुलग रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा/कोदवागोडान

एक तरफ शासन-प्रशासन की घोरलापरवाही और गैर जिम्मेदारी के चलते समय पर उठान नहीं होने के कारण जिले के धान खरीदी केन्द्रों में खुले असामान के नीचे असुरक्षित ढंग से पड़ा करोड़ो रूपए का धान पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। वहीं अब प्रशासन धान घोटला बताकर छोटे कर्मचारियों को बली का बकरा बना रही है। जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोदवागोडान में संचालित कृषक सेवा सहकारी समिति में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। जिसमें प्रशासन ने करीब डेढ़ करोड़ के धान घोटाले का खुलासा किया है। लेकिन अब कोदवागोडान समिति के इस बहुचर्चित धान घोटाला को लेकर लोगों द्वारा शासन प्रशासन से कई सवाल किए जा रही है। लोगों का कहना है कि यह घोटाला कोई एक दो दिन का मामला नहीं है और इतना बड़ा घोटाला अकेले एक छोटे से तथा कम पढ़े लिखे केंद्र प्रभारी द्वारा किया गया होगा ऐसा संभव नहीं लगता। इस मामले में आज बलि का बकरा भले ही केंद्र प्रभारी जैसा अदना सा कर्मचारी बन गया हो क्योंकि इस केंद्र की सारी जिम्मेदारी उसकी थी अतः कानूनन अपराधी उसे ही माना जाएगा किंतु इस मामले में बहुत बड़ा हाथ बड़े मगरमच्छों का भी हो सकता है जो ऐसे मामलों में पर्दे के पीछे रह कर हमेशा बच जाया करते हैं। माना जा रहा है कि प्रशासन को इस मामले में जांच के बिन्दु निर्धारित कर इस बात की जांच कराई जानी चाहिए कि धान खरीदी के समय केंद्रों में धान के स्टॉक की नियमित जांच होती है या नहीं? केंद्र में ऐसे भौतिक सत्यापन कब-कब किए गए और उस दौरान क्या स्टॉक में कमी बेशी पाई गई? चूंकि खरीदी केंद्रों में खुले आसमान के नीचे करोड़ों का धान रखा होता है तो क्या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बनती कि खरीदी बंद होने के तत्काल बाद भी एक बार कुल खरीदे गए और उठाव हो चुके धान की मात्रा से केंद्र में उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया जाय? अगर किया गया है तो उस समय की क्या स्थिति थी? अगर उस समय धान घोटाले का पता चल गया था तो प्रभारी के ऊपर कार्यवाही होनी थी और केंद्र में बचे हुए धान को प्रशासन द्वारा अपने कब्जे में लेकर उसे सुरक्षित स्थान पर रखवाया जाना था। ऐसा न करते हुए आखिर बचे हुए हजारों बोरे धान को फिर से वहीं क्यों रहने दिया गया। जबकि यह स्वभाविक है कि अगर हमें यह पता चल जाए कि हमारी संपति की देखभाल करने वाला गड़बड़ी कर रहा है तो हम या तो उस चौकीदार को बदल देते हैं या फिर संपति की देख रेख अपने हाथ में ले लेते हैं। अगर गड़बड़ी की जानकारी होने के बावजूद महीनों तक धूप और वर्षा की मार के अलावा दूसरे चोरों के हवाले खुले में धान असुरक्षित पड़ा रहा और इस बीच धान की मात्रा में जो कमी आई होगी उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? क्या उस पर या उन पर भी कार्यवाही नहीं होनी चाहिए? नियमानुसार धान खरीदी के बाद केंद्रों से धान का उठाव एक समय सीमा में हो जाना चाहिए? सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि अगर ऐसा होता तो धान के स्टॉक में हेरा फेरी इतने बड़े स्तर पर नहीं हो पाती।

## कई बड़े सफेदपोश की भी तय हो जिम्मेदारी




माना जा रहा है कि इस मामले में जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों और समिति के पदाधिकारियों के इशारे पर अथवा मिलीभगत के बिना इतने बड़े स्तर पर घोटाले को अंजाम दे पाना केवल एक प्रभारी के बस की बात नहीं है। उसे जब ऐसा अहसास रहा होगा कि बड़े लोग भागीदार हैं तो सब सम्हाल लेंगे तभी वह इतनी बड़ी हिम्मत करेगा। इसलिए प्रथम दृष्टया तो केंद्र प्रभारी को दोषी माना जाएगा किंतु पर्दे के पीछे रहकर इस तरह के घोटालों के जरिए लाखों डकार कर भी बेदाग बच जाने वालों को बेनकाब किया जाना जरूरी है, तभी इसे निष्पक्ष कार्यवाही मानी जाएगी।

## सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह भी खड़ा हो रहा है कि गत 18 मार्च 2025 को अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया के द्वारा जारी एक पत्र में 2 करोड़ 61 लाख 65 हजार का धान घोटाला बताया गया जबकि आज वह राशि 1 करोड़ 39 लाख बताई जा रही है। आखिर इस बीच घोटाले के सत्यापन में 1 करोड़ 21 लाख की कमी कैसे हो गई? जबकि यहां बताना लाजिमी होगा कि निगरानी समिति के नाम पर खरीदी केंद्रों में पटवारी से लेकर एसडीएम तक दर्जन भर लोगों की ड्यूटी लगाई जाती है। ऐसे में अगर डेढ़ करोड़ का धान घोटाला हुआ है तो जांच के दायरे में इन्हें भी रखा जा चाहिए। आखिर इस पूरे खरीदी और स्टॉक की इन्होंने किस तरह और कब-कब निगरानी की और अपनी जांच में क्या रिपोर्ट दी यह कौन स्पष्ट करेंगा।

## शासन-प्रशासन भी जिम्मेदार

कड़वी सच्चाई तो यह है कि धान घोटाला और धान की बर्बादी के लिए शासन-प्रशासन भी जिम्मेदार है। सीधी सी बात है कि जब शासन ने किसानो से समर्थन मूल्य में बकायदा भुगतान कर समितियों के माध्यम से धान खरीदी की है तो फिर निर्धारित समय सीमा में केन्द्रों से धान का उठाव क्यों नहीं किया गया। आज जब इस तरह की घोर लापरवाही और गैर जिम्मेदारी के चलते करोड़ों रूपए का धान बर्बाद हो चुका है तो इसका जिम्मेदार कौन है?

# पखवाड़ा की योजना के लिए मंडल कार्यशाला आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा के सफल आयोजन हेतु पार्टी कार्यालय में मंडल स्तरीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला में कवर्धा शहर से आए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक जसविंदर बग्गा ने सेवा पखवाड़ा की रूपरेखा और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा भाजपा के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है और इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधीं, शास्त्री जी जयंती तक चलने वाले इस आयोजन के जरिए आम जनता के मध्य सभी कार्यकताओं को सेवा कार्य करने है। अंतिम व्यक्ति तक खड़े लोगों की सेवा ही भाजपा का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि प्रत्येक बूथ स्तर पर सेवा कार्य योजनाबद्ध ढंग से किए जाएं ताकि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी तथा मंडल संयोजक मनोज गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भाजपा का कार्यकर्ताओं के लिए मानव सेवा ही मूलधर्म है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो ऐसे आयोजनों के जरिए आम जनता तक पहुंचती है और सेवा का कार्य करती है। कार्य शाला में मंडल श्रीमती सतविंदर पाहुजा, पवन जायसवाल, पीयूष टाटिया, नवीन ठाकुर, दुर्गेश अवस्थी, सानू साहू, संजय देसाई, बलबीर खनूजा, मनहरण कौशिक, पार्षद गण, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक जसविंदर बग्गा ने कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा में होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि 17 सितंबर को रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रत्येक बूथ पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डरावनी गुफा होगी लोगों के आकर्षण का केन्द्र

**कवर्धा।** नवरात्रि पर्व के शुभारंभ में अब महज कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। जैसे-जैसे पर्व करीब आ रहा है, शहर की दुर्गा समितियां अपने-अपने पंडालों को भव्य और आकर्षक रूप देने में जुटी हुई हैं। मंदिरों की साफ-सफाई से लेकर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना तक की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार राज महल कॉलोनी स्थित डड़सेना भवन के पास नवदुर्गा उत्सव समिति जिले की सबसे ऊंची 14 फीट की भव्य प्रतिमा स्थापित करने जा रही है। इसके साथ ही समिति द्वारा झांकी के रूप में डरावनी गुफा तैयार कर रही है जो लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगी। समिति के मुताबिक गुफा को इस तरह डिजाइन किया जा रहा है कि श्रद्धालु इसमें प्रवेश करते ही अलग ही माहौल का अनुभव करेंगे। गुफा के अंदर स्थापित अनेकों मूर्तियां और विशेष सजावट दशकों को अद्भुत एहसास कराएगी। अंधेरे और रोशनी के संयोजन से तैयार की गई यह गुफा बच्चों और बड़ों दोनों के लिए रोमांचक पेश करेगी।

### की जा रही विश्वकर्मा जयंती की तैयारियां

**कवर्धा।** वाहन चालक संघ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। संघ के मुताबिक जयंती के मौके पर 17 सितम्बर को स्थानीय बस स्टैण्ड में भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा की स्थापना कर पूजा अर्चना की जाएगी। जिसकी तैयारियां संघ द्वारा की जा रही हैं।

# पदक विजेता खिलाड़ियों से मिले डिप्टी सीएम विजय शर्मा

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले खिलाड़ियों ने जीते 24 पदक



- राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले के होनहार बच्चों ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे प्रदेश में जिले का नाम रौशन किया है। राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने आज उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से विधायक कार्यालय कवर्धा में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हाल ही में बिलासपुर में आयोजित 22 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय एथलेटिक्स बालक-बालिका प्रतियोगिता 2025 में कवर्धा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जिले के बच्चों ने कुल 24 पदक अपने नाम किए, जिनमें 8 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा के बच्चों ने मेहनत, अनुशासन और लगन से यह साबित कर दिया है कि छोटे-छोटे नगर और गांव से भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल सकते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इन खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जानकारी दी कि जिले में 24 मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, जहां गांव-गांव के बच्चों की प्रतिभा निखरेगी और उन्हें जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास करने और माता-पिता व प्रशिक्षकों से मार्गदर्शन लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही विश्वास जताया कि आने वाले समय में कवर्धा जिले के खिलाड़ी देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाएंगे। कवर्धा के खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन साबित करता है कि जिले के बच्चों में खेल के क्षेत्र में असाधारण प्रतिभा और क्षमता मौजूद है। स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने न केवल कवर्धा जिले का नाम रौशन किया बल्कि पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बनाई। वहीं रजत और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह दर्शा दिया कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# भाकिसं ने मनाया भगवान बलराम का अवतरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय किसान संघ द्वारा जिलेभर में भगवान बलराम की अवतरण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। भगवान बलराम इस धरती पर भाद्र शुक्ल पक्ष षष्ठी को अवतरित हुए थे। इसी कड़ी में भारतीय किसान संघ द्वारा गत शनिवार को ग्राम रवेली जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर भगवान बलराम हलधर किसानों के आदर्श व प्रेरणाश्रोत के जन्मदिन को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई है। इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान बलराम और भारत माता के तैलीय चित्र पर पुष्पमाला, श्रीफल अर्पित कर उसके समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूजा संपन्न होने के बाद भगवान बलराम के प्रतिमा के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय, प्रांत, जिला और तहसील स्तर के पदाधिकारी और किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ विशाल चंद्राकर, प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह ठाकुर, प्रदेश महिला प्रमुख अदिति कश्यप, प्रदेश महामंत्री नवीन शेष, प्रचार प्रमुख संजय साहू, प्रदेश मंत्री कुणाल सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री मनीष शर्मा, जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, नंदकुमार चंद्रवंशी, संरक्षक दानेश्वर सिंह परिहार, जिला महामंत्री जीवन यादव, जिला उपाध्यक्ष कमलेश चंद्रवंशी सहित सभी तहसील के प्रमुख कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



# कवर्धा में निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 (एसआईआर) किया जाएगा। इस प्रक्रिया के अंतर्गत वर्ष 2003 के (एसआईआर) की मतदाता सूची तथा वर्ष 2025 की मतदाता सूची का मिलान किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा में विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के संबंध में बीएलओ, सुपरवाइजर एवं ईआरओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण निर्वाचन आयोग का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। मतदाता सूची का सही और शुद्ध होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि बीएलओ, सुपरवाइजर और ईआरओ को निर्वाचन कार्य को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानकर गंभीरता से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता इस कार्य की सफलता पर टिकी है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पालन जिम्मेदारी के साथ करें। कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि यदि किसी स्तर पर किसी भी प्रकार का संशय उत्पन्न होता है तो तुरंत अपने उच्च अधिकारियों से समन्वय कर उसका निराकरण करें।



### ग्राम मगरवाड़ा में शिशु संरक्षण माह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

ग्राम मगरवाड़ा में शिशु संरक्षण माह विटामिन ए और आयरन सिरप से बच्चों का स्वास्थ्य संवर्धन आकांक्षी बोड़ला ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बोदा के आश्रित ग्राम मगरवाड़ा में शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए सिरप और 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड सिरप वितरित किया गया। ये दवाएं बच्चों के समग्र स्वास्थ्य को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विटामिन ए की कमी से बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है, जिससे खसरा, दस्त, आंखों के संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है जिसे ध्यान में रखते हुए दवा बांटी गई।

**4 करोड़ 82 लाख 51 हजार 533 रूपए से संबंधित वाद का किया गया निराकरण**

# नेशनल लोक अदालत में 27 हजार 152 लंबित प्रकरण का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में आज नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती मॉ के फोटोचित्र पर पूजा, अर्चना, दीप प्रज्जवलित कर किया। नेशनल लोक अदालत में जिले में कुल 10 खण्डपीठ गठित किया गया था, जिसमें से 09 खण्डपीठ जिला मुख्यालय कबीरधाम में तथा 01 खण्डपीठ व्यवहार न्यायालय, पण्डरिया में गठित की गई थी। जिसमें राजीनामा योग्य समस्त दाण्डिक मामले, चेक बाउन्स के प्रकरण, समस्त प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण, मोटर दुर्घटना से उत्पन्न दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय में लंबित वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण, इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन यथा बिजली बिल, दूरभाष, बैंक लोन, जलकर से संबंधित प्रकरण रखे गए थे। उल्लेखनीय है कि नेशनल लोक अदालत के खण्डपीठ क्रमांक 01 में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में कुल 61,40,000 रूपये की अवार्ड राशि पारित की गई। खण्डपीठ क्रमांक 02 परिवार न्यायालय कबीरधाम में पीठासीन अधिकारी लीलाधर सारथी द्वारा परिवार न्यायालय में वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण में कुल 30 प्रकरण का निराकरण करते हुए वैवाहिक संबंधो में मधुरता स्थापित करते हुए सुखद दाम्पत्य का पुर्नस्थापन किया गया। खण्डपीठ क्रमांक 03 पीठासीन अधिकारी श्रीमती योगिता विनय वासनिक द्वारा विद्युत प्रकरण में कुल 66,87,26 रूपये की राशि की वसूली करते हुए प्रकरण का निराकरण किया गया। इसी अनुक्रम में राजस्व न्यायालय में कुल 20,372 लंबित प्रकरणों का निराकरण करते हुए 4,964 लाभान्वित हितग्राहियों को कुल 3,93,61,343 रूपये का वितरण किया गया। इस प्रकार जिला न्यायालय कबीरधाम द्वारा उक्त लोक अदालत में वैवाहिक प्रकरणों में 30 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 3,56,450 रूपये का निराकरण, सिविल मामले में कुल 04 प्रकरण का निराकरण करते हुए 8,00,000 रूपये, राजस्व न्यायालय द्वारा 20,372 प्रकरण का निराकरण करते हुए 3,93,61,343 रूपये का निराकरण, नगर पालिका द्वारा जलकर से संबंधित मामलो में 220 प्रकरण में 2,41,164 रूपये तथा बीएसएनएल में 45 प्रकरण का निराकरण करते हुए 48,850 रूपये की वसूली की गई। इस प्रकार इस लोक अदालत में कुल 27,152 लंबित प्रकरण का निराकरण करते हुए 4,82,51,533 रूपये से संबंधित वाद का निराकरण किया गया।

# आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ का घेराव कार्यक्रम 16 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ द्वारा आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावास, आश्रमों में कार्यरत कर्मचारियों की लंबित मांगो के निराकरण के लिए लम्बे समय से पत्रों के माध्यम से, सौजन्य मुलाकात, आवेदन-निवेदन करते आ रहे हैं, किन्तु आज पर्यन्त तक संगठन की मांगों के प्रति किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई और न ही इस संबंध में कोई संतोषप्रद जानकारी दी गई है जिससे कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर आशंकित हैं।

संघ अध्यक्ष ने कहा कि संघ अपनी प्रमुख मांग विभाग द्वारा संचालित छात्रावास, आश्रमों में आकस्मिक निधि के स्वीकृत पदों के विरूद्ध कार्यरत पूर्व भर्ती नियम एवं विभागीय निर्देश 29/10/1996, 22/11/1999) पंचागतों, बीओ, सहायक आयुक्तों द्वारा आदेशित एवं मौखिक कलेक्टर दर, मासिक वेतन पर कार्यरत समस्त कर्मचारियों के लिए नियमों का शिथिलीकरण कर समायोजन (युक्तियुक्तकरण) किए जाने, सचालित छात्रावास/आश्रमों में आकस्मिक निधि से नियमित वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी वर्ष 2008-09 एवं सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों को नियमित स्थाई पद पर परिवर्तन किए जाने, छात्रावास, आश्रमों में सहायक ग्रेड-3 के समकक्ष वेतनमान पर नवीन पद सृजित कर पदोन्नत करने की मांग को लेकर 16 सितम्बर से चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण के रूप में संचालनालय घेराव करेगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

संघ ने चेतावनी दी है कि अगर इस सांकेतिक प्रदर्शन के बाद भी कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आने वाले दिनो में संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने बाध्य होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।